महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा
निर्माण एवं विकास कार्य सहित मूलभूत सुविधाओं पर फोकस करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभागार में विभागीय कार्य तथा शासन की प्रमुख योजनाओं पर किए जा रहे काम की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान योजनाओं तथा विभागीय कार्यों की प्रोग्रेस की जानकारी ली गई। बैठक में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना , श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना , राजीव युवा मितान क्लब , मितान योजना, गोधन न्याय योजना, रोका छेका अभियान, कृष्ण कुंज योजना, राजस्व वसूली, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग , वार्ड क्षेत्रों तथा गली मोहल्लों में सफाई की व्यवस्था , सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई , पाइप लाइन वितरण का कार्य तथा पेयजल व्यवस्था , प्रकाश व्यवस्था, अधोसंरचना मद, राज्य प्रवर्तित, केंद्र प्रवर्तित, 14 वें वित्त एवं 15 वें वित्त आयोग के कार्य, अप्रारंभ, प्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्यों की स्थिति, माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायक निधि, महापौर निधि, पार्षद निधि, एल्डरमैन निधि के कार्यों की स्थिति , सड़कों के मरम्मत एवं संधारण की स्थिति , वेंडिंग जोन की स्थापना के संबंध में , डिवाइडर एवं चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण , आत्मानंद स्कूल, आदि पर विस्तृत चर्चा करते हुए बैठक में समय सीमा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े , सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , उप अभियंता एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।